दीवार प्लास्टर करने के विवाद में मारपीट व फायरिंग

दोनों पक्षों से पांच लोग जख्मी, दोनों पक्षों द्वारा 18 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, सात गिरफ्तार

आरा (भोजपुर)। जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के डिहरा गांव में शनिवार की रात दीवार प्लास्टर करने के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। वही एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। हालांकि फायरिंग के दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जबकि मारपीट के दौरान दोनों पक्षों से पांच लोग जख्मी हो गए। जिनका इलाज अगिआंव पीएचसी में कराया गया।

सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि अजीमाबाद थाना क्षेत्र के डिहरा गांव में विजय कुमार सिंह एवं मुन्ना कुमार के बीच दीवार प्लास्टर करने के विवाद में पहले नोकझोंक हुई। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट की। तभी एक के पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। इस संबंध में एक पक्ष के विजय कुमार सिंह के द्वारा मुन्ना कुमार, शर्मा कुमार सहित नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के डीहरा गांव निवासी स्व. ओम प्रकाश सिंह के पुत्र मुन्ना कुमार एवं सत्येंद्र सिंह के पुत्र शर्मा कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष के मुन्ना कुमार के द्वारा विजय कुमार सिंह, श्री निवास सिंह सहित नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

दर्ज प्राथमिकी में फायरिंग का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के डीहरा गांव निवासी नंद किशोर सिंह के दो पुत्र श्रीनिवास सिंह, विजय कुमार सिंह, विनय सिंह के पुत्र छोटे लाल कुमार, हिमांशु कुमार एवं अरुण कुमार सिंह के पुत्र ललू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में अजीमाबाद थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष द्वारा दीवार प्लास्टर करने के विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों से पांच लोग जख्मी हैं। एक पक्ष के विजय कुमार सिंह द्वारा नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जबकि दूसरे पक्ष मुन्ना कुमार के द्वारा भी नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है एवं उनके द्वारा फायरिंग का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

अधिवक्ता को धमकी मामले में गिरफ्तार

आरा (भोजपुर)। क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष सह पूर्व कस्टम अधिकारी दिवंगत रामकुमार सिंह के अधिवक्ता को धमकी दिए जाने के मामले में पुलिस एक्शन में है। इस मामले में टाउन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस उसे गुप्त स्थान पर ले जाकर पूछताछ कर रही है। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस के वरीय पदाधिकारी नहीं कर रहे हैं ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है। कि सोमवार को पुलिस अधीक्षक इस मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देंगे।बता दें कि दिवंगत रामकुमार सिंह की हत्या मामले में उनके पक्ष से केस लड़ रहे अधिवक्ता हरेंद्र सिंह को धमकी दी गई थी। गुरुवार को उनके मोबाइल पर अज्ञात अपराधी द्वारा कॉल कर दस लाख रुपये की रंगदारी मांग की गई थी। रंगदारी का रकम नहीं देने पर उन्हें जान से मार देने की धमकी दी गई थी। इस संबंध में संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव (वर्तमान टाउन थाना क्षेत्र के मीरगंज कल्लू दुकान लेन वार्ड नंबर-6) निवासी स्व. रामचंद्र सिंह के पुत्र सह सिविल कोर्ट के अधिवक्ता हरेंद्र सिंह के द्वारा टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

केस निष्पादन में शिथिलता पर सिकरहट्टा थानाध्यक्ष निलंबित

आरा (भोजपुर)। कर्तव्य में लापरवाही और केस निष्पादन में शिथिलता बरतना सिकरहट्टा थानाध्यक्ष सनोज कुमार को महंगा पड़ा। पुलिस अधीक्षक की ओर से उन्हें निलंबित कर दिया गया है। एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि सिकरहट्टा थानाध्यक्ष के खिलाफ लगातार अलग-अलग शिकायतें मिल रही थी। केस निष्पादन के साथ ही पुलिसिंग में भी शिथिलता बरती जा रही थी। उसे देखते ही थानाध्यक्ष सनोज कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

जन संस्कृति मंच का स्थापना दिवस मना

जसम ने स्थापना दिवस के अवसर पर दिवंगत नाना पाटेकर को दी श्रद्धांजलि

आरा (भोजपुर) स्थानीय बशिष्ठ नगर स्थित %जलसा जक्शन हॉल% में रविवार को जन संस्कृति मंच का 41 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में जसम, बिहार के अध्यक्ष कवि-आलोचक जितेंद्र कुमार ने संगठन की स्थापना के दौर को याद किया और उसकी जरूरतों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि 1985 का वह दौर साहित्यिक-सांस्कृतिक रूप से समृद्ध तो था परंतु क्रांतिकारी राजनीतिक चेतना का सत्ता के खिलाफ कोई मुखर हस्तक्षेप नहीं सुनाई पड़ रहा था। इसकी मुख्य वजह सांस्कृतिक अंतर्विरोध रहा। ऐसी स्थिति में 26 अक्टूबर 1985 में जन संस्कृति मंच की स्थापना हुई।

इस संगठन ने अपने 40 वर्षों के कार्यकाल में सत्ता के खिलाफ जनता की संस्कृति के पक्ष में एक जोरदार प्रतिपक्ष की भूमिका अदा की है। संचालक सुमन कुमार सिंह ने बताया कि जसम ने देश भर में लगातार आम जन की संस्कृति को समृद्ध करने में अपनी उर्जा लगाई है।

अपने गीतों, नाटकों, कविता-कहानियों, चित्रों आदि तमाम कला माध्यमों को जसम ने सांस्कृतिक अराजकता के खिलाफ जन संस्कृति को विकसित किया है। कार्यक्रम में 'प्रतिरोध का सिनेमा' के रूप में नाना पाटेकर की बहुचर्चित फिल्म %थोड़ा सा रुमानी हो जाय% का प्रदर्शन हुआ और अंत में एक मिनट का मौन रखकर उपस्थित संस्कृतिकर्मियों ने दिवंगत अभिनेता को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, रंगकर्मी शमशाद प्रेम, रंगकर्मी अरुण प्रसाद, इश्तेयाक अहमद, कवि जनार्दन मिश्र, फिजियोथ्रेपिस्ट पिंटू पुष्कर, अमित मेहता, सूर्यप्रकाश, सुधांशु रंजन, सीताराम रवि, डा. नथुनी पाण्डेय, डा. सिद्धनाथ सागर, विक्रांत तथा सुमन कुमार सिंह आदि उपस्थित रहें। कवि अरुण शीतांश ने दुरभाष द्वारा जसम के स्थापना दिवस समारोह के सफलता की शुभकामनाएँ प्रेषित की।

चौरी थाना में चौकीदारों की परेड

सहार (भोजपुर)। पुलिस अधीक्षक भोजपुर के निर्देश पर चौरी थाना परिसर में चौकीदारों की परेड आयोजित की गई। इस दौरान चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया।पुलिस ने अपराध से संबंधित सूचनाएं तत्काल थाना को देने तथा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करने को कहा।

फिजियोथेरेपी जांच शिविर में सौ मरीजों की जांच

आरा (भोजपुर) शहर के विष्णु नगर जेड चौक के समीप %फिजियोहिल% एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में रविवार को निन्शुल्क फिजियोथेरेपी जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में सौ मरीजों का जांच कर इलाज हेतु परामर्श दिया गया। इस दौरान 50 मरीजों



का इलाज किया गया फिजियोथेरापिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि शिविर में सौ मरीजों को नि:शुल्क जांच कर इलाज के लिए परामर्श दिया गया। इस दौरान 50 मरीज का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में आज ज्यादातर मरीज कमर दर्द, कूल्हे में दर्द, गर्दन दर्द, कंधे के दर्द, एड़ी में सूजन व दर्द, घुटने के दर्द, फ्रैक्चर व सर्जरी के बाद अकड़न आदि से संबंधित आए। उन्होंने बताया कि कैंप में शामिल होने वाले मरीजो का पहले से रजिस्ट्रेशन कराया गया था। रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को इलाज में विशेष लाभ दिया गया। शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 1 तक चला। शिविर को सफल बनाने में निकेश, आभा, रेशमा एवं संगीता का सराहनीय योगदान रहा है।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने व सुधार को लेकर लगा विशेष शिविर

चरपोखरी (भोजपुर)। जिले के चरपोखरी प्रखंड क्षेत्र में मतदाता सूची को अद्यतन करने तथा नए मतदाताओं का नाम जोड़ने और पूर्व से दर्ज नामों में त्रुटियों के सुधार को लेकर रविवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में स्थित सभी 96 मतदान केंद्रों पर आयोजित इस शिविर में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) द्वारा पात्र मतदाताओं से आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर के दौरान नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने और सूची में दर्ज विवरणों में सुधार के लिए कुल 140 आवेदन प्राप्त हुए।



विशेष शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने के साथ ही मतदाता सूची में दर्ज नाम, पता एवं अन्य विवरणों में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करना था। इसके लिए संबंधित मतदान केंद्रों पर बीएलओ की तैनाती की गई थी। बीएलओ ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदाताओं से आवेदन प्राप्त किए तथा उन्हें मतदाता सूची में नाम जोड़ने और आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी।

शिविर के दौरान चरपोखरी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) कुमार विमलादित्य ने प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग मतदान केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर के संचालन तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने और सुधार के लिए प्राप्त किए जा रहे आवेदनों की प्रक्रिया का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा किसी प्रकार की त्रुटि होने पर उसे ठीक कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

इस संबंध में चरपोखरी बीडीओ कुमार विमलादित्य ने बताया कि भोजपुर जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा के निर्देश पर पूरे जिले में मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने और पहले से दर्ज विवरणों में आवश्यक सुधार करने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे और मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से संबंधित अपने विवरणों की जांच करनी चाहिए। यदि किसी योग्य नागरिक का नाम सूची में शामिल नहीं है या दर्ज विवरणों में कोई त्रुटि है, तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन देकर आवश्यक सुधार कराया जा सकता है।

प्रखंड क्षेत्र के 96 मतदान केंद्रों पर एक साथ आयोजित इस विशेष शिविर के माध्यम से मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाने की दिशा में प्रयास किया गया।

शिविर में प्राप्त 140 आवेदन मतदाता सूची में नाम जोड़ने और सुधार की प्रक्रिया से संबंधित रहे। प्रशासन की ओर से जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर इस तरह की पहल के जरिए पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने और मतदाता संबंधी समस्याओं के समाधान पर जोर दिया जा रहा है।

कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

आरा (भोजपुर) मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार की ओर ले जाया जा रहा है । सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक प्रकश चन्द्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शनिवार को वाहन जांच



के क्रम में नवादा थाना क्षेत्र के बिहारी मिल ओवरब्रिज पर एक मारुती सुजुकी ब्रेजा कार से 172.800 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। टीम ने वाहन के चालक पंजाब के जालंधर जिले के नकोदर थाना क्षेत्र के नकोदर गांव निवासी योगेश जसल के साथ बिहार के वैशाली जिले के बिदुपुर थाना अंतर्गत कल्याणपुर गांव निवासी सोनू कुमार को गिरफ्तार करते हुए अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। उक्त वाहन से 960 पीस में 172.800 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 2 लाख आँका गया। जप्त शराब को बिहार में लाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा एवं सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

कार ने बालू लोड ट्रक में मारी टक्कर 251.64 लीटर शराब बरामद

आरा (भोजपुर)। पटना-बक्सर फोरलेन एनएच 922 पर कोईलवर थाना क्षेत्र में शनिवार को बेलगाम ब्रेजा कार हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटनाग्रस्त कार से 251.64 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ। इस दौरान दो शराब तस्कर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक 24 अक्टूबर की सुबह कोईलवर थाना को सूचना मिली कि मानो बैजनाथ उच्च विद्यालय (कुल्हाड़ियां) के सामने एनएच-922 पर आरा से पटना जाने वाले लेन में एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने बालू लोड खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी है। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंची और घायल व्यक्तियों को तुरंत इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। जांच के क्रम में कार से 251.64 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ गिरफ्तार तस्करों में पटना जिले के बाढ़ थाना अंतर्गत गुलाबबाग गांव निवासी नंदू यादव का पुत्र कन्हैया कुमार उर्फ छोटू एवं उसी गांव निवासी श्रवण यादव का पुत्र नीतीश कुमार है। गिरफ्तार दोनों पर बीएनएस एवं बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) अधिनियम 2018 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

दिवंगत सैनिक को ससम्मान दी अंतिम विदाई

पीरो (भोजपुर)। जम्मू-कश्मीर के भुज में तैनात भारतीय सेना के जवान अखिलेश कुमार के आकस्मिक निधन के पश्चात उनका पार्थिव शरीर रविवार की सुबह सेना के विशेष वाहन से उनके पैतृक गांव पीरो प्रखंड के केवटिया लाया गया जहां सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उनका हिन्दू रस्मो-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अखिलेश कुमार पीरो प्रखंड अंतर्गत अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के केवटिया गांव निवासी राम प्रसाद राम के पुत्र थे जो 53 आर्मर्ड रेजिमेंट में दफादार के पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि 22 अक्तूबर की रात अपने कैंप में सोने गए थे इस दौरान अचानक उनकी मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर विशेष विमान से पहले पटना फिर वहां से बिहार रेजिमेंटल सेन्टर दानापुर के वाहन से पैतृक गांव केवटियां लाया गया। पार्थिव शरीर के साथ जम्मू-कश्मीर से सेना के मेजर संतोष कुमार व दफादार अरुण कुमार तिवारी तथा बिहार



रेजिमेंटल सेन्टर से जेसीओ सुखलाल सोरेन केवटिया पहुंचे थे। सैनिक का शव गांव पहुंचने पर उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड उमड पडी। गांव के लोग अपने लाडले सपूत की एक झलक पाने को आतुर दिखे। दिवंगत सैनिक का अंतिम संस्कार गांव के श्मशान में सैनिक सम्मान के साथ किया गया। जहां सेना के जवानों ने अपने दिवंगत साथी को अंतिम सलामी दी। पूर्व विधायक भाई दिनेश, भाकपा माले नेता दुदुन सिंह सहित कई अन्य सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के लोग सैनिक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस दौरान गमगीन माहौल में दिवंगत सैनिक की पत्नी सुमंती देवी, दोनों बेटियां माही व ईशा, भाई हेमंत कुमार सहित परिवार सदस्यों, सेना के अधिकारियों और दूसरे लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

रोटावेटर की चपेट में आने से बालक घायल, रेफर

आरा (भोजपुर) जिले के संदेश थाना क्षेत्र के बरतीयर गांव में रविवार की सुबह रोटावेटर की चपेट में आने से एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। तब परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल बालक संदेश थाना क्षेत्र के बरतीयर गांव निवासी सिद्धनाथ राम का 7 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार है। इधर, घायल बालक के परिजन ने बताया कि रविवार की सुबह वह अपने पिता के साथ खेत में गया था। जहां ट्रैक्टर द्वारा खेत की जोताई हो रही थी। उसी दौरान वह ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर मशीन की चपेट में आगे और गंभीर रूप से घायल हो गया।

चौकीदार परेड का आयोजन

आरा (भोजपुर)। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों में चौकीदारी परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान परेड में उपस्थित सभी चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्र में होने वाली आपराधिक



गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यत्तियों पर सतत निगरानी रखने, अपराध से संबंधित सूचनाओं का त्वरित संकलन एवं पुलिस को समय पर सूचित करने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

आरा (भोजपुर)। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराध नियंत्रण, वाहन जांच एवं समकालीन अभियान चलाया गया। इस दौरान गीधा थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, उनके पास से तीन मोबाइल बरामद भी हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों में कोईलवर थाना क्षेत्र के बड़का चंदा गांव निवासी रामजीत शर्मा



का पुत्र दीपक कुमार, संतोष कुमार सिंह का पुत्र बिट्टू कुमार एवं मिठु साव का पुत्र रोहित कुमार है। जांच के दौरान बरामद हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर बदला हुआ पाया गया। असली चेसिस नंबर से मिलान करने पर उक्त मोटरसाइकिल पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र से चोरी की हुई पाई गई। इस संबंध में गीधा थाना में बीएनएस की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अध्यात्म से समाज सुधार की निकलती राह

तरारी (भोजपुर)। तरारी प्रखंड के खुटहाँ बाजार स्थित विन्ध्यवासिनी कॉम्प्लेक्स में रविवार को संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में मुनीन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) की ओर से एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से संत रामपाल जी महाराज के आध्यात्मिक प्रवचनों का प्रसारण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने सुना। सत्संग के दौरान शास्त्रानुकूल भक्ति, मानव जीवन के उद्देश्य, मोक्ष प्राप्ति तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन से जुड़े विषयों पर प्रकाश डाला गया। पवित्र श्रीमद्भगवद्गीता के विभिन्न अध्यायों और श्लोकों का संदर्भ देते हुए शास्त्रविधि के अनुसार साधना तथा तत्वदर्शी संत से आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के महत्व को समझाया गया। समारोह में आध्यात्मिक ज्ञान के साथ सामाजिक सुधार पर भी विशेष जोर दिया गया। नशाखोरी, दहेज प्रथा, मृत्यु भोज, चोरी, ठगी, मिलावट और पाखंडवाद जैसी सामाजिक बुराइयों को समाज की उन्नति में बाधक बताते हुए श्रद्धालुओं से इनसे दूर रहने की अपील की गई। सदाचार, नैतिकता, मानवता और जीव सेवा की भावना के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। सत्संग में गीता के अध्याय 16 के श्लोक 23-24 के माध्यम से शास्त्रविधि के अनुसार साधना करने की आवश्यकता बताई गई। वहीं अध्याय चार के श्लोक 34 का संदर्भ देते हुए तत्वदर्शी संत की शरण में जाकर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने का संदेश दिया गया। समारोह के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पेयजल तथा चाय-बिस्कुट की व्यवस्था भी की गई थी। साथ ही नि:शुल्क नाम दीक्षा की व्यवस्था की गई। आयोजकों ने आध्यात्मिक जागरूकता के साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर मानवता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

अध्यात्म चिंतन मंडल की गोष्ठी आयोजित

सहार (भोजपुर)। सहार प्रखण्ड के पुरहरा गांव में अध्यात्म चिंतन मंडल की वर्ष 2026-27 सत्र की पहली रविवारीय गोष्ठी पुरहरा गांव से आरम्भ हुई। लगभग 55 साल से यह रविवारीय गोष्ठी सहार-अगिआंव प्रखण्ड के गांव गांव में आयोजित होती हैं। यह कार्तिक से चैत माह तक चलती है और फिर एक वार्षिकोत्सव किया जाता है जिसके बाद वैशाख से आश्विन माह तक विराम काल होता है। अध्यात्म चिंतन मंडल की स्थापना अंधारी गांव के स्वतंत्रता सेनानी स्व ब्रह्मचारी जी ने समाज मे सर्व धर्म समभाव और आध्यात्मिक उन्नति के उद्देश्य से की थी जो निरन्तर जारी है।इस साल की रविवारीय संगोष्ठी में तरारी,पीरो और रोहतास जिले के सत्संगियों ने भाग



लिया। भजन-संगीत और आध्यात्मिक चर्चाओं के साथ वक्ताओं ने पुरहरा गांव में अध्यात्म की गंगा बहाई।इस मौके पर संस्था के प्रमुखों अवधेश राय पुरहरा और रामबरन दास बहुआरा ने बताया कि संस्था की आगामी हर रविवारी संगोष्ठी उन्नत रुप से आयोजित हों, इसका भरपूर प्रयास किया जायेगा।मुख्य वक्ताओं में राजबल्लभ सिंह भोजपुरिया,योगेंद्र चौबे, हरिशंकर पाण्डेय,अरुण सिंह आदि ने सम्बोधित किया।संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कवि,किसान और स्व ब्रह्मचारी जी के पौत्र राजेंद्र पाठक ने सहार के प्रमुख आध्यात्मिक सन्त पयहारी जी को याद किया और कहा कि सहार प्रखण्ड संतों और खासकर कामकाजी समाज के संतों की भूमि है जिनकी साधना से स्थानीय समाज को मानवीय उन्नति की राह हासिल हुई है। कार्यक्रम में आये विशिष्ट जनों को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया।

शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

पीरो (भोजपुर)। नवगठित स्वयंसेवी संस्था सामाजिक समस्या निवारण संगठन की बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जन जारुकता फैलाने पर विशेष जोर दिया गया। संगठन के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह उर्फ धनजी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक के दौरान विशेष कार्य योजना तैयार की गई जिसमें सामाजिक कुरीतियों, नशाखोरी, हिंसा, अपराध व युवाओं में फैलती गलत प्रवृति को रोकने के लिए कार्य करने, शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने,गरीब, असहाय व लाचार लोगों की सहायता करने, भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम शुरु करने का एजेंडा शामिल किया गया। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह व संयोजक श्रीराम साह ने संगठन के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

शाहपुर (भोजपुर) (आससे)। बहोरनपुर पुलिस ने एक महिला समेत दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ दामोदरपुर गाँव मे छापामारी कर 19 केन किंगफिशर बीयर तथा 16 लीटर देशी महुआ का शराब बरामद किया है। छापामारी के दौरान पुलिस ने मुकेश साह और रिंकू देवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। मुकेश साह दामोदरपुर के रामेश्वर साह का पुत्र तथा रिंकू देवी दामोदरपुर के संतोष साह की पत्नी बताई जाती है। मुकेश साह और संतोष साह भाई बताये जाते हैं। गिरफ्तार मुकेश साह और रिंकू देवी रिश्ते मे देवर और भाभी हैं।

ब-ईजलास सब जज प्रथम
जगदीशपुर, भोजपुर
टी.एस.-9/2025
राजकोकिल पाल वगैरह-वादी
बनाम
शिव पर्सन पाल वगैरह-प्रतिवादीगण
गजट प्रकाशन बनाम

6. वकील साह पिता-स्व. सिगासन साह, 7. बबन साह पिता-स्व. सिगासन साह, 8. शिवचंद्र साह पिता-पीलापुर पो. -बभनियांव, थाना-जगदीशपुर जिला-भोजपुर

चूं बजरिये इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आप बनाम को सूचित किया जाता है कि आपको समन व नोटिस एवं डाक द्वारा रजिस्ट्री के बावजूद न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे हैं।

अत: आप बनाम का सूचित किया जाता किया जाता है कि दिनांक 6/11/26 को समय 10.30 बजे न्यायालय में वकालतन या असालतन हाजिर होकर जवाब दे अन्यथा आपके अनुपस्थिति में सुनवाई कर आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से

सब जज प्रथम
जगदीशपुर भोजपुर
9/482/26

न्यायालय सिविल जज-1 सिनियर डिविजन
मोकाम-जगदीशपुर, भोजपुर
टी.एस. नं.-219/2025
रविन्द्र चौबे वगैरह-वादीगण
बनाम
रामपुकार चौबे वगैरह-प्रतिवादीगण
गजट बनाम:-

1. रामपुकार चौबे, 2. दयानंद चौबे, 3. अक्षयबर चौबे, 4. अखिलेश्वर चौबे, 5. मोहनलाल चौबे, 6. ममता देवी सभी पिता रामपुकार चौबे, 7. हरि चौबे पिता स्व. शिवबचन चौबे, 8. राजन चौबे पिता स्व. शोभनाथ चौबे सभी निवासी ग्राम+पो. -हेतमपु, थाना तियर, जिला-भोजपुर।

चूं उपरोक्त वाद में आप लोगों के विरुद्ध नजारत के माध्यम से नोटिस तथा डाक रजिस्ट्री के माध्यम से नोटिश भेजा जा चुका है फिर भी आप लोग उपस्थित नहीं हुए। अतएव इस गजट प्रकाशन के द्वारा आप लोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक-15/12/26 को स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद में उचित पैरवी करें। अन्यथा आप लोगों की अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी। इसे अति आवश्यक जानें।

सिविल जज सिनियर डिविजन
जगदीशपुर भोजपुर।
9/482/26

ब-अदालत सब जज-6
मोकाम-आरा, भोजपुर
स्वत्व वाद संख्या-936 सन् 2024
मुन्दिका सिंह-मुदई
बनाम
चुल्हन सिंह वगैरह-मुदालेहुम

गजट बनाम:-1. दिलीप सिंह, 2-बिपिन सिंह, दोनों पिता स्व. किशोरी सिंह, 3-शत्रुधन सिंह पिता स्व. चन्द्रमा सिंह, 4-सत्येन्द्र सिंह, 5-उमेश सिंह, 6-जितेन्द्र सिंह, तीनों पेसरान स्व. रामदास सिंह, 7-अजय सिंह, 8-अलख सिंह, दोनों पेसरान स्व. रामदास सिंह, 9-लक्ष्मण सिंह, 10-अरविन्द सिंह, दोनों पेसरान स्व. अक्षयवर सिंह, 11-तेज नारायण सिंह, 12-मनोज सिंह दोनों पेसरान स्व. रेखा सिंह, 13-अशोक सिंह पिता विद्या सिंह, 14-भरत सिंह पिता स्व. वंशी सिंह, 15-मनोज सिंह, पिता स्व. कामाख्या सिंह, 16. रामनाथ राम, 17-प्रेमनाथ राम दोनों पिता स्व. बालवचन राम सभी निवासी ग्राम+पोस्ट-मसाढ़ थाना-उदवंतनगर जिला-भोजपुर-मुदालेहुम

चूं गजट प्रकाशन के माध्यम से आप लोगों को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी ने उपरोक्त मुकदमा आप लोगों के विरुद्ध दायर किया है तथा उक्त मुकदमा में सम्मन वो रजिस्ट्री सम्मन के बाद भी आप लोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं तथा यह वाद आप लोगों की उपस्थिति हेतु लम्बित है। अत: इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आप लोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19-11-26 को पूर्वाह्न 10.30 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करें, अन्यथा आप लोगों की गैरहाजिरी में एकपक्षीय सुनवाई करते हुए उचित आदेश पारित किया जायेगा। इसे सख्त ताकिद जाने।

आज दिनांक 05 माह 10 वर्ष 26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से निर्गत किया जाता है।

सब जज-6, मोकामा आरा, भोजपुर।
9/482/26

न्यायालय,
सिविल जज (सि.डी.) प्रथम
बिक्रमगंज, रोहतास।
मोकदमा नम्बरी- 252/2026
नंबरी बंटवारा
विजय चौधरी वगै. ....
....................वादीगण (मुदईयान)
बनाम
धनंजय कुमार चौधरी वगै ....
.......................................मुदालयगण

नोटिस बनाम : 1. धनंजय 2. प्रफुल्ल कुमार चौधरी 3. प्रेमचन्द चौधरी 4. आपा चौधरी (सभी वल्दान स्व. दमरी चौधरी) 5. रामाशंकर चौधरी 6. भोला चौधरी (दोनों वल्दान स्व. गंगा चौधरी उर्फ गेना चौधरी) 7. शिव कुमार चौधरी पिता- स्व. सुखी चौधरी उर्फ सुदर्शन चौधरी 8. राजेश चौधरी 9. रूपेश चौधरी उर्फ गुड्डू पटेल (पिता- शिव कुमार चौधरी) 10. विनोद चौधरी, पिता- स्व. काशीनाथ चौधरी 11. संदीप पटेल 12. छोटन पटेल (पिता- स्व.युगेश्वर चौधरी) 13. विरेन्द्र चौधरी 14. रामगढ। चौधरी (पिता-स्व.हरिहर चौधरी) 15. अखिलेश चौधरी 16. धर्मेन्द्र (पिता-स्व. केश्वर चौधरी) 17. वकील चौधरी (पिता-स्व. रामप्रवेश चौधरी) 18. गुड्डू चौधरी 19. सुरज चौधरी पिता-स्व. रामप्रवेश चौधरी 20. मोहन चौधरी 21. छोटू चौधरी 22. उपेन्द्र चौधरी 23. राज चौधरी वल्दान स्व.सागर चौधरी (सभी साकिम मौजा-बभनौल, थाना-दावथ, जिला-रोहतास, राज्य बिहार।)

चूं बजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा आपलोगों के पास नजारत सम्मन को निबंधित सम्मन भेजा जा चुका है, इसके बावजूद भी आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

अत: आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक : 27.11.2026 को समय 10:30बजे मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा इस वाद की कार्यवाही आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कर दी जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

आज दिनांक-13.10.2026 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सिविल जज (सि.डी.) प्रथम
बिक्रमगंज, रोहतास।